# Government Degree College Kaffota
# District Sirmaur, Himachal Pradesh

## *Ranking of Government Colleges in HP*

### Criterion 2 Student Support, Services and Progression

### Key Indicator 2.4: Students Participating NSS/NCC/Rangers & Rovers/Clubs

### Metric 2.4.1: Students Participating in NSS

# Table of Contents

Table of Contents ........ i

Table of Figures ........ i

RANKING FRAMEWORK ........ 1

2. STUDENT SUPPORT, SERVICES AND PROGRESSION ........ 1

2.4. Students Participating NSS/NCC/Rangers & Rovers/Clubs ........ 1
2.4.1. Students Participating in NSS ........ 1

i. NSS Participating List ........ 5

ii. NSS Activities Register ........ 8

# Table of Figures

Figure 1: Newsclip ........ 1
Figure 2: Newsclip ........ 2
Figure 3 ........ 3
Figure 4: During session in NSS camp ........ 3
Figure 5: During field work in NSS camp ........ 4
Figure 6: During field work in NSS camp ........ 4
Figure 7: NSS Participants List 1 ........ 5
Figure 8: NSS Participants List 2 ........ 6
Figure 9: NSS Participants List 3 ........ 7

# RANKING FRAMEWORK

# 2. STUDENT SUPPORT, SERVICES AND PROGRESSION

## 2.4. Students Participating NSS/NCC/Rangers & Rovers/Clubs

### 2.4.1. Students Participating in NSS

**Response: Yes**

The sanctioned strength of 50 was increased to 100 w.e.f. 2024-25 academic session.


दिव्य हिमाचल

13/18

## अभिषेक-आरुषि को बेस्ट वालंटियर का खिताब

### एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का समापन, 55 स्वयंसेवकों ने लिया हिस्सा

**निजी संवाददाता– कफोटा**

राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि प्रवेश कपूर जो एक प्रतिष्ठित कांट्रेक्टर एवं समाजसेवी हैं ने स्वयंसेवकों के सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। सात दिवसीय शिविर में 55 स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वच्छता अभियान, जागरूकता रैली, वृक्षारोपण, शिक्षण गतिविधियां, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता कार्यक्रम सहित विभिन्न समाज सेवा कार्यों में योगदान दिया। इस पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम अधिकारी प्रो. दिनेश कुमार शर्मा एवं प्रो. रवीना के नेतृत्त्व में हुआ। मुख्यातिथि ने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। एनएसएस जैसी गतिविधियां न केवल समाज सेवा की भावना को जागृत करती है, बल्कि नेतृत्त्व कौशल, अनुशासन और आत्मनिर्भरता भी विकसित करती है। समापन समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की गई। साथ ही अभिषेक छात्र वर्ग एवं आरुषि छात्रा वर्ग को बेस्ट वालंटियर, तनुज पुंडीर एवं कल्पना शर्मा को बेस्ट ग्रुप लीडर, ऋतिक रोशन एवं देविका को बेस्ट कैंप लीडर तथा सुनील कश्यप को बेस्ट कैंपर के रूप में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रो. दिनेश कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

*Figure 1: Newsclip*

दिव्य हिमाचल

15/20

# कफोटा कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ



कफोटा। राजकीय महाविद्यालय कफोटा में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डा. कुलदीप सिंह द्वारा किया गया। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक सेवा, अनुशासन और नेतृत्त्व क्षमता का विकास करना है। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. दिनेश कुमार शर्मा ने सात दिवसीय शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास के लिए महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि इस दौरान विभिन्न सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिससे विद्यार्थियों में सेवा भावना और टीम वर्क की भावना विकसित होगी। यह शिविर युवाओं को समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारियों का अहसास करवाते हुए राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।

***Figure 2: Newsclip***




***Figure 3***



***Figure 4: During session in NSS camp***



***Figure 5: During field work in NSS camp***



***Figure 6: During field work in NSS camp***

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 133 | Himachal | Sirmaur | Govt. Degree College Kaffota | PROMILA | F | 19-05-2005 | BA3rd Year | | p05883600@gmail.com | 9317700648 |
| 134 | Himachal | Sirmaur | Govt. Degree College Kaffota | AMRITA SINGH | F | 25-03-2003 | BA3rd Year | | amritapundir179@gmail.com | 8091321277 |
| 135 | Himachal | Sirmaur | Govt. Degree College Kaffota | ISHA KUMARI | F | 09/01/2004 | BA3rd Year | | br287612@gmail.com | 7876208468 |
| 136 | Himachal | Sirmaur | Govt. Degree College Kaffota | RAVEENA | F | 30-04-2003 | BA3rd Year | | craveena795@gmail.com | 7018846174 |
| 137 | Himachal | Sirmaur | Govt. Degree College Kaffota | SUSHMITA | F | 31-12-2003 | BA3rd Year | | sushmita2003chandel@gmail.com | 7876358081 |
| 138 | Himachal | Sirmaur | Govt. Degree College Kaffota | JOGENDER | M | 20-02-2003 | BA3rd Year | | jogenderbhardwaj104@gmail.com | 7807183693 |
| 139 | Himachal | Sirmaur | Govt. Degree College Kaffota | MUKESH SHARMA | M | 26-01-2004 | BA3rd Year | | mukey071727@gmail.com | 9015251783 |
| 140 | Himachal | Sirmaur | Govt. Degree College Kaffota | MANISH KUMAR | M | 28-06-2004 | BA3rd Year | | manishsharmamanu307@gmail.com | 6230373764 |
| 141 | Himachal | Sirmaur | Govt. Degree College Kaffota | JATIN SHARMA | M | 14-11-2004 | BA3rd Year | | jatinsharmajatin62@gmail.com | 7018914767 |
| 142 | Himachal | Sirmaur | Govt. Degree College Kaffota | PIYUSH TOMAR | M | 25-01-2005 | BA3rd Year | | piyush2005shamyala@gmail.com | 8894872295 |
| 143 | Himachal | Sirmaur | Govt. Degree College Kaffota | KALPANA SHARMA | F | 23-05-2004 | BA3rd Year | | kalpanasharma0523@gmail.com | 9317451090 |
| 144 | Himachal | Sirmaur | Govt. Degree College Kaffota | ISHA THAKUR | F | 05/08/2003 | BA3rd Year | | thakurishajamna123@gmail.com | 9317900603 |
| 145 | Himachal | Sirmaur | Govt. Degree College Kaffota | NIKITA TOMAR | F | 08/01/2004 | BA3rd Year | | nikitatomarjamna2004@gmail.com | 8091173948 |
| 146 | Himachal | Sirmaur | Govt. Degree College Kaffota | SALONI | F | 12/01/2004 | BA3rd Year | | salonithakurjamna2004@gmail.com | 9317900603 |
| 147 | Himachal | Sirmaur | Govt. Degree College Kaffota | KAVITA | F | 10/12/2004 | BA3rd Year | | gyansinghsharma4@gmail.com | 7018495547 |
| 148 | Himachal | Sirmaur | Govt. Degree College Kaffota | ARUN CHAUHAN | M | 12/03/2003 | BA3rd Year | | himchauhan99@gmail.com | 8894675377 |
| 149 | Himachal | Sirmaur | Govt. Degree College Kaffota | ROHIT PUNDIR | M | 03/01/2002 | BA3rd Year | | rohitpundir36831@gmail.com | 9816433707 |
| 150 | Himachal | Sirmaur | Govt. Degree College Kaffota | SNEHA | F | 21-05-2007 | BA1st Year | | sneha7806423@gmail.com | 9816569108 |
| 151 | Himachal | Sirmaur | Govt. Degree College Kaffota | RAJNISH PUNDIR | M | 21-07-2005 | BA2nd Year | | rajnishpundir198@gmail.com | 9317423198 |

Principal
Govt. Degree College
Kafota, Distt. Sirmour (H.P.)

***Figure 9: NSS Participants List 3***

## ii. NSS Activities Register


### Induction - Programme

आज दिनांक (25/07/2024) को राजकीय महाविद्यालय -कफोटा में राष्ट्रीय स्वंय सेवकों का साथ आगमन कार्यक्रम (Induction) आयोजित किया गया। इसमे राष्ट्रीय स्वयं सेवक नए पंजीकृत छात्रों को N.S.S के इतिहास, महत्व व उद्देश्य तथा संपूर्ण नियमों से भी छात्रों को अवगत करवाया गया। यह जानकारी कार्यक्रम अधिकारी दिनेश शर्मा के द्वारा दी गई। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद सभी छात्रों को जल पान करवाया गया।




NSS Programme officer

Principal
Govt. Degree College
Kafota, Distt. Sirmour (H.P.)



एक दिवसीय शिविर

आज दिनांक (07/08/2024) को राजकीय महाविद्यालय कफोटा मे राष्ट्रीय स्वयं सेवको के द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया ! इस कार्यक्रम में N.S.S. के 50 स्वंय सेवको ने भाग लिया । इस कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय के सभी कमरो की सफाई की गई । तथा साथ ही पुस्तकालय मे स्वंय सेवको द्वारा कुर्सीयो को भी व्यवस्थित किया गया । स्वंय सेवको द्वारा सभी शौचालयो की सफाई भी की गई ! महाविद्यालय की सफाई करने के बाद सभी स्वंय सेवको द्वारा बेंचो को girl common room मे व्यवस्थित किया गया ! महाविद्यालय की सफाई करने के बाद सभी स्वंय सेवक N.S.S Room मे एकत्रित हुए और वहां पर कार्यक्रम अधिकारी प्रो. दिनेश शर्मा के द्वारा N.S.S के महत्व के बारे में जानकारी दी गई ! कार्यक्रम की समाप्ति के बाद सभी सेवको को जल-पान कराया गया !

NSS Programme officer

Principal
Govt. Degree College
Kaffota, Distt. Sirmaur (H.P.)

# एक दिवसीय शिविर

आज दिनांक 31/08/2024 को राजकीय महाविद्यालय कफोटा मे राष्ट्रीय स्वंय सेवको के द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर मे N.S.S के 100 स्वयं सेवको ने भाग लिया। इस शिविर मे सभी स्वंय सेवको द्वारा महाविद्यालय के परिसर परिसर मे झाड़ियो कि कटाई की गई साथ ही परिसर मे उगा खरपतवार भी निकाला गया, तथा पौधो की गुड़ाई भी कि व महाविद्यालय के परिसर मे गिरे पत्थरो व मिट्टी को भी साफ किया गया। यह सभी कार्य करने के बाद सभी स्वयं सेवको को महाविद्यालय के परिसर मे बिठाया गया तथा सभी स्वयं सेवको को जलपान करवाया गया।

दिव्य हिमाचल 12/18

## कफोटा कालेज के एनएसएस वालंटियर ने संवारा कालेज कैंपस



निजी संवाददाता - कफोटा

जिला सिरमौर के गिरिपार क्षेत्र के राजकीय महाविद्यालय कफोटा में एक दिवसीय एनएसएस कैंप का आयोजन किया गया। इस शिविर में सभी स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के परिसर की सफाई की तथा महाविद्यालय में लगे पेड़-पौधों व फूलों की गुड़ाई भी की। इस दौरान एनएसएस के समन्वयक प्रो. दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि इस महाविद्यालय में पहले एनएसएस की हाफ यूनिट स्थापित थी जिसमें केवल 50 स्वयंसेवकों को ही इस यूनिट में भाग लेने का मौका मिल पाता था, लेकिन अब कालेज के पास एनएसएस की फुल यूनिट हाल ही में स्थापित हो चुकी है।

जिसमें 100 स्वयंसेवकों को राष्ट्र की सेवा करने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य डा. राजेश त्रेहण ने एनएसएस स्वयंसेवकों को पढ़ाई के साथ-साथ एनएसएस जैसी गतिविधियों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

डिप डरीगेशन की तकनीक | सेमिनार | पत्रकारिता-जनसंप

NSS Programme officer


Principal
Govt. Degree College
Kafota, Distt. Sirmour (H.P.)

# एक दिवसीय शिविर

आज दिनांक 24 सितम्बर 2024 में राजकीय महाविद्यालय कफोटा में प्राचार्य डॉ॰ राजेश ब्रेहन की अध्यक्षता में NSS दिवस मनाया गया। जिसमें महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। इस दौरान महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता, क्रॉस कंट्री 10 कि॰ मी॰ प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसके अतिरिक्त अनेक विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुती दी। इस अवसर पर डा॰ नलिन रमौल, प्रो॰ रिंकु अग्रवाल, कार्यक्रम अधिकारी प्रो॰ दिनेश शर्मा, प्रो विपिन सिंह, प्रो॰ सुमित्रा नेगी, प्रो॰ रविना, प्रो॰ अनिकेत पुंडिर, दिनेश पुंडीर, विकेश शर्मा व राहुल शर्मा आदि मौजूद रहे।

## कफोटा कालेज में एनएसएस दिवस पर दौड़े छात्र





**निजी संवाददाता- कफोटा**

राजकीय महाविद्यालय कफोटा में प्राचार्य डा. राजेश ब्रेहन की अध्यक्षता में एनएसएस दिवस मनाया गया।

जिसमें महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। इस दौरान महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता, क्रॉस कंट्री 10 किलोमीटर प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसके अतिरिक्त अनेक विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर डा. नलिन रमौल, प्रो. रिंकू अग्रवाल, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. दिनेश शर्मा, प्रो. विपिन सिंह, प्रो. सुमित्रा नेगी, प्रो. रवीना, प्रो. अनिकेत पुंडीर, दिनेश पुंडीर, विकेश शर्मा व राहुल शर्मा आदि मौजूद रहे।



Principal
Govt. Degree College
Kafota, Distt. Sirmour (H

NSS Programe officer

# एक दिवसीय शिविर

आज दिनांक 05/11/2024 को राजकीय महाविद्यालय कफोटा में स्वयं सेवकों द्वारा वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शालगा कान्डो में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के दौरान स्वयं सेवकों द्वारा शालगा कान्डो स्कूल के खेल मैदान की सफाई की गई तथा मैदान को समतल बनाया गया। शालगा कान्डो पाठशाला में वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता करवाई जानी थी क्योंकि महाविद्यालय परिसर में खेल का मैदान नहीं है। इस शिविर में 200 स्वयं सेवकों द्वारा भाग लिया गया तथा Road Safety club के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। प्रतिभागियों की सुरक्षा के लिए खेल मैदान से छोटे-2 पत्थरों के टुकड़े भी उठाए गए। तथा वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता के लिए मैदान को अच्छे से तैयार किया गया। शिविर के अंत में कार्यक्रम अधिकारी प्रो. दिनेश शर्मा के द्वारा सभी विद्यार्थी को जल पान करवाया गया।

NSS Programme Officer
GDC
Kaffota

Principal
Govt. Degree College
Kaffota, Distt. Sirmour (H.P.)
Principal
GDC
Kaffota

## एक दिवसीय शिविर

आज दिनांक 25/3/25 को राजकीय महाविद्यालय कफोटा में एक दिवसीय शिविर (NSS) का आयोजन किया गया। उस दिन महाविद्यालय के सभी स्वयं सेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर की सफाई की गई। सभी स्वयं सेवकों द्वारा महाविद्यालय के अंदर भी सभी कक्षाओं में पोछा मारा गया। उसके बाद स्वयं सेवकों द्वारा वार्षिक पारितोषिक के लिये जो सामान मंगाया गया था उन सभी चीजों को अच्छे तरह से कॉलेज के अंदर सुरक्षित रूप से रखा गया। उसके पश्चात वार्षिक पारितोषिक के सजावट के लिए जो सामान मंगाया गया था जिसमें (टेन्ट, कुर्सियां, डिजे, इत्यादि) उन सभी सामान को सही तरीके से लगाया गया था। उसके बाद स्वयं सेवकों द्वारा पौधों को परिसर में अच्छे तरह से सजाया गया। सभी कार्य समाप्त होने के बाद सभी स्वयं सेवकों को NSS अधिकारी श्री. निशा शर्मा द्वारा कक्ष में बुलाया गया तथा वार्षिक पारितोषिक में सभी कार्यों को कार्य करने के लिए विभिन्न भागों में बांटा गया तथा कार्यों को कार्यक्रम में अनुशासन बनाये रखने के लिए कहा गया। अंत में सभी स्वयं सेवकों को जल पान करवाया गया।

NSS Programme Officer
GDC
Kaffota

Principal
Govt. Degree College
Kaffota, Distt. Sirmour (H.P.)
GDC
Kaffota

## सात दिवसीय शिविर ....

### प्रथम/पहला दिन

आज दिनांक 11/03/2025 को राजकीय महाविद्यालय कफोटा में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का पहला दिन था इस शिविर मे कुल 55 स्वंय सेवको ने भाग लिया जिन्हे 5 समूहो मे बांटा गया। प्रत्येक समूह में 11-11 स्वंय सेवक शामिल थे! पहले दिन की शुरुआत सुबह के 10 बजे से होती है, जिसमे सभी स्वंय सेवको को NSS के कार्यकारी अधिकारी प्रो० दिनेश शर्मा के निर्देशानुसार सभी को महाविद्यालय के प्रांगण मे एकत्र किया गया। उसके बाद प्रो० दिनेश शर्मा द्वारा NSS शिविर के बारे मे बताया गया उसके पश्चात सभी स्वंय सेवको को अलग - 2 समूह मे बांटा गया! जिसमे पहले समूह को **स्वामी विवेकानन्द** का नाम दिया गया! दूसरे समूह को **डॉ० भीमराव अम्बेडकर**, तीसरा समूह को **पं० जवाहर लाल नेहरू** चौथे समूह को **रानी लक्ष्मीबाई**, पांचवा समूह को **सरदार वल्लभ भाई पटेल** समूह का नाम दिया गया! उसके बाद प्रत्येक समूह के अलग - अलग ग्रुप लीडर बनाये गये। जिसमे विवेकानन्द समूह का ग्रुप लीडर **उमेश शर्मा** दूसरे समूह अम्बेडकर समूह का ग्रुप लीडर **रितिक चौहान** नेहरू ग्रुप का लीडर **विवेक** लक्ष्मीबाई समूह का ग्रुप लीडर **रोहित** पटेल समूह का ग्रुप लीडर **अभिषेक शर्मा** था! इस शिविर मे से **Camp leder Sunil** को पहले दिन के लिये चुना गया था। NSS के कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 2:00 बजे से की गई उससे पहले सभी समूह को अलग - 2 कार्य सौंपे गए जिसमे कुछ समूह ने लकडीयाँ इक्ट्ठी की कुछ समूह ने हॉल की सफाई की कुछ समूह ने खाना बनाने के लिए बर्तन इक्ट्ठे किए। तथा 2:00 बजे से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिसमे पहले शिविर के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय **श्री कुलदीप सिंह** और अन्य अतिथि महाविद्यालय के अध्यापक थे! इसमे सबसे पहले मुख्य अतिथि को बैच पहनाए गए! उसके पश्चात दीप प्रज्वलन किया गया, उसके पश्चात NSS के कार्यकारी अधिकारी दिनेश शर्मा NSS कैम्प के बारे

अवगत करवाया गया। तथा सात दिवसीय शिविर की दिनचर्या के बारे में बताया गया। उसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम करवाया गया जिसमें पटेल समूह द्वारा रसिया तथा विवेकानन्द समूह के स्वयं सेवकों द्वारा पहाड़ी नाटी प्रस्तुत की गई उसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को NSS के बारे में बताया गया। साथ ही सभी स्वयं सेवकों को सात दिवसीय शिविर की शुभ कामनाएं दी यह कार्यक्रम 4:30 बजे तक चला उसके पश्चात कुछ स्वयं सेवकों की duty खाना बनाने में लगाई गई और कुछ स्वयं सेवकों ने सोने के लिए गद्दे इत्यादि का प्रबंधन किया 9:30 बजे सभी स्वयं सेवकों को खाना दिया गया जल पान करवाने के बाद पुनः सभी स्वयं सेवक हॉल में एकत्रित हुए जिसमें सभी स्वयं सेवकों को अनुशासन के बारे में बताया गया। और अगले दिन के लिए विभिन्न समूहों को प्रो. दिनेश शर्मा द्वारा अलग-2 टास्क दिए गये 11:00 बजे सभी स्वयं सेवक अपने-2 कक्ष में सोने चले गए। इस प्रकार इन सभी कार्यक्रम के साथ सात दिवसीय शिविर की समाप्ति होती है।

खुद से पहले याद किया दूसरों को,
समाज बनता चला गया,
समाजसेवक का दर्जा मिल गया,
आज के इस पावन अवसर पर आया मैं
NSS के सम्पर्क में
स्वयंसेवक बन गया स्वयंसेवक बन गया

## कफोटा कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ



कफोटा। राजकीय महाविद्यालय कफोटा में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डा. कुलदीप सिंह द्वारा किया गया। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक सेवा, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. दिनेश कुमार शर्मा ने सात दिवसीय शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि इस दौरान विभिन्न सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिससे विद्यार्थियों में सेवा भावना और टीम वर्क की भावना विकसित होगी। यह शिविर युवाओं को समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारियों का अहसास करवाते हुए राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

NSS Programme Officer

Principal

Principal
Govt. Degree College
Kafota, Distt. Sirmour

## द्वितीय दिवस .....

आज दिनांक 12/3/25 को राजकीय महाविद्यालय मे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का दूसरा दिन था इस शिविर मे 55 स्वयं सेवको ने भाग लिया था जिसमे स्वयं सेवको को 5 समुह मे बांटा गया था इसमे पहला 11-11 समुह **स्वामी विवेकानन्द**, दूसरा समुह **डा० भीमराव अम्बेडकर**, तीसरा समुह **प० जवाहर लाल नेहरु**, चौथा **रानी लक्ष्मीबाई** तथा पांचवा **वल्लभ भाई पटेल** था। इस दिन की शुरुआत सुबह 6:30 बजे से होती है, जिसमे सबसे पहले प्रभात फैरी होती है जिसके साथ-2 सभी स्वयं सेवक भजन भी करते है. प्रभात फैरी के बाद सभी स्वयं सेवक अपने-2 समुह मे परिसर मे इकट्ठे हो जाते हैं तथा उसके बाद पहले शारीरिक गतिविधिया करवाई जाती है और बाद मे प्राणायाम तथा पिटी करवाई जाती हैं उसके पश्चात 7:45 मे सभी स्वयं सेवको को फ्रि कर दिया जाता है बजे सभी स्वयं सेवक पुन: प्रार्थना के लिए हॉल मे 8:15 एकत्रित हो जाते है सभी ग्रुप लीडर अपनी-2 ग्रुप की रिपोर्ट प्रस्तुत करते है उसके पश्चात सबसे पहले अम्बेडकर ग्रुप को प्रार्थना के लिए मंच पर बुलाया जाता है प्रार्थना के बाद सुबह के सुविचार के लिए नेहरु ग्रुप के स्वयं सेवक को मंच पर बुलाया जाता है सुविचार के बाद लक्ष्मी बाई समुह के स्वयं सेवक द्वारा आज का समाचार प्रस्तुत किया जाता है इसी के साथ दूसरे दिन का पहला सत्र समाप्त होता है और 8:30 पर सभी स्वयं सेवको को नाशते के लिए भेजा गया नाशते के पश्चात सभी स्वयं सेवक 9:30 मे महाविद्यालय के कैम्पस मे एकत्रित हो जाते है। इस दिन भी अलग-2 समूह के ग्रुप लीडर चुने गए जिसमे **विवेकानन्द समुह** का लीडर साक्षी **दूसरा ग्रुप लीडर** निकिता **नेहरु ग्रुप** के ग्रुप लीडर शिवानी, **लक्ष्मीबाई की ग्रुप लीडर** अंजली **पटेल समुह ग्रुप लीडर** गुलशन बने। 9:30 मे सभी स्वयं सैवक कैम्पस मे एकत्रित हुए जिसमे सभी समुहो को अलग-2 फिल्ड कार्य सौंपे गए। इसमे रानी लक्ष्मी बाई समुह को मैस का कार्य सौंपा गया, नेहरु समुह को गड्डे बनाने का कार्य सौंपा गया. अम्बेडकर ग्रुप को लकड़ियां एकत्रित

करने का कार्य सौंपा गया तथा विवेकानन्द को कैम्पस की सफाई मे लगा दिया गया। सभी ग्रुप लीडर अपने-2 समुह को अच्छी तरह से लीड कर रहे थे उसके बाद 1 बजे तक सभी समुहो द्वारा अपने-2 टास्क पुरा किया गया और भोजन करने के लिए मैस मे एकत्रित हो गए भोजन की शुरुआत भोजन मंत्र से की गई। भोजन करने के बाद सभी स्वयं सेवक acadmic session के लिए हॉल मे एकत्रित हुए जिसमे **डा. मनोरमा जी** Resource person थे उन्होंने हमे मानसिक तनाव के कारण के बारे मे बताया तथा साथ ही हमे तनाव तथा निवारण दूर करने के समाधान बताए हमारा मार्गदर्शन करने के बाद उन्हे प्रो. दिनेश शर्मा द्वारा समर्ति चिन्ह से समानित किया उसके बाद आज के मुख्य अतिथि **श्री वीर विक्रम जी** तथा विशिष्ट अतिथि **श्री तपेन्द्र जी** तथा अन्य अतिथि कपिल ठाकुर और ज्ञान सिंह जी का NSS स्वयं सेवक द्वारा की तालियो से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा सभी स्वयं सेवको को मोबाइल ट्रैप के बारे मे बताया गया तथा साथ ही हमे अपने संस्कृति से जुडे रहने की प्रेरणा दि उसके बाद मुख्य अतिथि को समर्ति चिन्ह से समानित किया और आज के दिन का दुसरा सत्र भी समाप्त किया गया इसके बाद 6:15 पर पुनः सभी स्वयं सेवक शाम की प्रार्थना के लिए एकत्रित हुए। प्रार्थना के बाद आज के सुविचार को विभिन्न समुहो के स्वयं सेवको द्वारा Explan किया गया उसके बाद सभी स्वयं सेवक 7:45 पर भोजन के लिए एकत्रित हुए भोजन करने के बाद 8:25 पर सभी स्वयं सेवक रात्री के सत्र के लिए इकट्ठे हुए जिसमे **विवेकानन्द समुह द्वारा** पहाडी रासे, **दुसरे समुह द्वारा** साइबर क्राइम पर नुकड नाटक प्रस्तुत किया गया। **नेहरु ग्रुप द्वारा** अपनी-2 कौशलता प्रदर्शन किया गया. **लक्ष्मी बाई समुह** द्वारा मुजरा तथा **पटेल मैस मे** कार्यरत था उसके बाद 10:00 बजे सभी स्वयं सेवक अपने कक्ष मे चले गए और इस तरह सात दिवसीय शिविर के दुसरे दिन का समापन होता है। और इस दिन का कैम्प लीडर **तनुज पुंडिर** था।

मिलकर हाथ बढाएंगे
तभी समाज का
विकास कर पाएंगे।

## तृतीय दिवस....

आज दिनांक 13/03/25 सात दिवसीय शिविर का तीसरा दिन था जिसकी शुरुआत प्रातः 6:30 बजे से सबसे पहले सारे स्वंय सेवक प्रभात फेरी के लिए गये जिसमे कॉलेज कैंपस के दस चक्कर लगाये गये। इसके पश्चात शारीरिक व्यायाम व योग करवाया गया। इसके बाद 8:15 बजे सभी स्वंय सेवक से सेमिनार हॉल में एकत्रित हुए। जिसमे **स्वामी विवेकानन्द** सदन ने प्रार्थना की शुरुआत की तथा इसके पश्चात कैंप लीडर ने अपनी रिपोर्ट पेश की, इसके बाद **अम्बेडकर सदन** ने आज का सुविचार प्रस्तुत किया। इसके बाद समाचार प्रस्तुत हुआ। इसके तत्पश्चात 8:30 बजे सभी शिविर के सदस्य नाश्ते के लिए पहुंचे तथा भोजन मंत्र के साथ भोजन की शुरुआत की। इसके पश्चात शिविर के सदस्य कॉलेज के कैंपस में एकत्रित हुए तथा निर्देशक द्वारा जो कार्य सौंपे गये, उसे करने के लिए सभी सदन के सदस्य कार्य क्षेत्र में चले गये। इसके बाद ठीक 1:00 बजे दोपहर का भोजन किया। भोजन समाप्त होने के बाद 2:00 से 2:30 तक समय सारणी अनुसार आराम किया गया। उसके 4:30 तक एकेडमिक सेशन चला जिसमें (रिसोर्स person) **श्री रण सिंह** हेड ऑफ होम गार्ड द्वारा आपदा के बारे मे जानकारी दी। इसके तुरंत बाद आग रक्षक की टीम द्वारा आग बुझाने के बारे में जानकारी दी गई तथा आग से बचाने के लिए क्या-क्या तरीके अपनाने चाहिए इसकी जानकारी दी गई। इसके कुछ समय पश्चात मुख्य अतिथि हमारे बीच पधारे, जिन्होंने हमे समाज हित की कार्य के बारे मे जानकारी दी। इसके बाद शिविर के स्वयं सेवक व सेविकाओं ने अपनी शारीरिक, मानसिक व मनोरंजन के उद्देश्य से विभिन्न खेलो मे भाग लिया इसके पश्चात ठीक 6:00 बजे Hall मे एकत्रित हुए। तथा सायं काल की प्रार्थना के साथ इस Session की शुरुआत हुई। इसके पश्चात शिविर के सभी समूहो के स्वंय सेवकों ने विचार पर अपने-2 मत रखे। उसके पश्चात शिविर के सभी सदस्यो को व्यक्तिगत समय दिया गया इसके पश्चात ठीक 7:45 बजे पर भोजन किया गया तथा

भोजन की समाप्ति के बाद फिर से सभी स्वंय सेवक Hall मे उपस्थित हुए! इसके पश्चात हमारे बीच मुख्य अतिथि श्री प्रवेश प्रन्दिर हमारे बीच आये। उन्होंने अपने विचारो से विद्यार्थी को स्वंय सेवक को जीदंगी मे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद सभी समूह को अपनी - 2 प्रस्तुति देने के लिए कहा गया इसमे नुक्कड़ नाटक, मुजरा, फोकडांस, कौशल आदि की प्रस्तुतियां हुई! इसके बाद ठीक 10::00 बजे लाईट बंद की गई तथा इसी के साथ सभी स्वंय सेवक अपने - 2 कक्ष मे चले गये तथा आज की तृतीय दिन का समापन हुआ!

जितने अधिक वृक्षो का रोपण कर पायेंगे
अपने राष्ट्र को उतना ही स्वच्छ बना पायेंगे।

## चतुर्थ दिवस.....

आज दिनांक 14/03/2025 को सात दिवसीय शिविर का चौथा दिन था। जिसकी शुरुआत सुबह 6:30 पर प्रभात फेरी से शुरु हुई उसके पश्चात् शारीरिक व्यायाम और योग करवाया गया। और उसके बाद ठीक 8:15 पर पटेल सदन ने प्रार्थना के साथ सत्र की शुरुआत की। उसके बाद आज का सुविचार विवेकानन्द सदन के द्वारा प्रस्तुत किया गया और फिर अम्बेडकर सदन के द्वारा आज की ताजा खबरें पेश की गई। फिर पिछले कल के कैम्प लीडर के द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत ~~था~~ की गई। फिर ठीक 8:45 पर भोजन मंत्र के साथ नाश्ता ग्रहण किया गया। जिसके बाद सभी स्वयं सेवकों ने 10:00 बजे से 12:00 बजे तक रंगों के साथ होली का त्योहार मनाया। जिसमें सभी सेवकों ने जम कर नाच गाना किया और खूब मनोरंजन किया। उसके पश्चात् 12:30 बजे सभी सेवक / सेविकाएँ दोपहर के भोजन के लिए पहुँच गए और बाद में ठीक 1:15 बजे Prof. Dinesh Sharma के आदेशानुसार सभी स्वयं सेवक field work के लिए Campus में पहुँच गए। जहाँ सभी को अलग-2 कार्य सौंपे गए। सभी सदनों ने 1:15 से 5:00 बजे तक अपना-अपना कार्य पूर्ण किया। उसके बाद सभी सदस्य 6:15 पर शाम के सत्र के लिए Hall में उपस्थित हो गए। और शाम के सत्र की शुरुआत पटेल सदन के द्वारा प्रार्थना के साथ की गई। जिसमें आज के सुविचार पर सभी सदनों के स्वंयसेवकों ने अपने अपने विचार प्रस्तुत किए और **पटेल समुह** की स्वंयसेविका के द्वारा **होली के इतिहास** पर प्रकाश डाला। और कैम्प के नियमों का पालन न करने की वजह से 2 सेवकों को दण्ड का भी भोग करना पड़ा, उसके बाद सभी स्वयं सेवकों को Persnal time दिया गया। और उसके बाद ठीक 7:45 पर सभी सदन रात्री भोज के लिए पहुँच गए। भोजन के पश्चात् सभी स्वंयसेवकों, सेविकाओं ने सांस्कृतिक संध्या के लिए Hall में उपस्थित हो गए। जिसमें सभी सदनों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। जिसमें **नुक्कड़ नाटक, मुजरा नारी, कौशल प्रर्दशन और रासा नृत्य** हुआ। और ठीक 10:00 बजे सभी अपने - अपने कक्ष में

चले गए और लाइटें बन्द कर दी गई। इसी के साथ दिन का सम्मापन हुआ।

और इस दिन होली के अवसर पर कमलेश पुन्डीर को मुख्य अतिथि के रूप में बुलाया गया।

## पाँचवा दिन .....

आज दिनांक 15-03-2025 को सात दिवसीय NSS शिविर का पाँचवा दिन था। इस दिन की शुरुआत हर दिन की भांति प्रातः 6:00 बजे उठकर हुई। सभी स्वयंसेवक 6:30 पर प्रभात फेरी के लिए चले गए चले गए। प्रभात फेरी मे camp के सभी स्वयंसेवक उपस्थित थे। सभी ने महाविद्यालय के दस चक्कर लगाए और तभी हल्की हल्की बारिश होने लगी, तत्पश्चात सभी स्वयंसेवक को हॉल मे एकत्रित किया गया। जिसमें शारिरिक गतिविधियां रानी लक्ष्मी समुह के स्वयंसेवक Sunil kashyap के द्वारा करवाई गई तथा योग व ध्यान Arushi Thakur जो कि स्वामी विवेकानंद समुह की स्वयंसेविका है तत्पश्चात 7:45 को सुबह की प्रभात फेरी समाप्त हुई, उसके बाद 7:45 से 8:15 तक स्वयसेवकों तक स्वयंसेवकों को उनका नीजि समय दिया गया। उसके पश्चात 8:15 पर सभी Group Leaders ने अपनी-अपनी की रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें स्वामी विवेकानंद समुह की Group Leader दिपिका, अंबेडकर समुह की Leader करीना, नेहरु की शिवानी लक्ष्मी समुह की निकिता, पटेल समुह की कल्पना शर्मा थी उसके बाद NSS के पाँचवे दिन के पहले दिन के सत्र की शुरुआत लक्ष्मी समुह ने प्रार्थना से कि। उसके बाद Thought of day पटेल समुह, व समाचार स्वामी विवेकानंद और मंच संचालन नेहरु समुह के स्वयंसेवक विवेक द्वारा किया गया, तत्पश्चात 14-03-2025 के की रिपोर्ट Camp Leader Rohita Pundir के द्वारा प्रस्तुत की गई उसके बाद 14-03-2025 पांचवे दिन का पहला सत्र का समापन 8:30 पर हुआ। उसके बाद सभी स्वंयसेवको को 8:45 पर नाश्ता (भोजन) दिया गया। भोजन से पहले सभी स्वंय सेवको ने भोजन मंत्र गाया। और भोजन ग्रहण किया। भोजन बनाने में अम्बेडकर समूह कार्यरत था उसके बाद स्वंयसेवको को उनके लिए निजी समय दिया गया मौसम खराब होने के कारण कार्यक्रम के अधिकारी Prof. Dinesh Sharma के आदेशानुसार सभी समूहो को संयुक्त रूप से एक ही कार्य दिया गया। जिसका समय 9:30 से 1:00 बजे तक था। जिसमें की 12:00 बजे बारिश के कारण स्वंयसेवको को अपना काम रोकना पड़ा। और वह उसके बाद समय सारणी के अनुसार 1:00 से 2:00 बजे तक भोजन करने चले गए। भोजन की शुरुआत भोजन मंत्र से की गई तत्पश्चात 2:00 बजे से 2:30 तक स्वंयसेवको के लिए

विश्राम दिया गया। 2:30 से 4:15 तक Academic Session (Guest lature) चला। जो की स्कूल अभियान दाधिन सम्भाग उपनिदेशक थे। तथा रिसोर्स पर्सन रुडवाड़ श्री दिनेश जी थे। जिन्होंने बच्चों को अपने विचारों द्वारा मार्ग दर्शित किया और अपनी ओडिग कुशलता, निष्ठा और कर्मठता का परिचय देते हुए बच्चों को आलस्य त्याग कर लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रेरित किया गया। इसके बाद विभिन्न समूहों व स्वयं सेवकों द्वारा प्रस्तुतियां दी गई। अंत में कार्यक्रम का समापन निकिता वर्मा लक्ष्मीबाई समूह की स्वयं सेविका के द्वारा मुख्य अतिथि व रिसोर्स तथा उनके साथ पधारे गणमान्य व्यक्तियों को धन्यवाद किया गया। तत्पश्चात 4:30 से 6:30 बजे तक बच्चों के लिए Sports time दिया गया। उसके पश्चात 6:15 से 6:40 के दौरान सायंकाल का सत्र शुरू हुआ जिसमें लक्ष्मीबाई समूह द्वारा प्रार्थना गायी गई। प्रातः काल के सुविचार पर अलग-2 समूह के स्वयं सेवकों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इसके बाद कार्यकारी अधिकारी द्वारा अगले दिन के लिए group leder नियुक्त किए गए। 6:40 से 7:45 तक बच्चों को personal Time के लिए free किया गया। 7:45 से 8:25 तक स्वयं सेवकों को रात्री भोज दिया गया तत्पश्चात 8:25 दिन का चौथा सत्र आरंभ किया गया। इस सत्र में सबसे पहले सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू किया गया जिसमें विवेकानन्द समूह द्वारा दहेज प्रथा पर नुक्कड़ नाटक नेहरू समूह द्वारा गुजरां नाटी लक्ष्मीबाई समूह द्वारा कौशल प्रदर्शन पटेल समूह द्वारा folk dance प्रस्तुत किया गया। सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम समाप्त होने के बाद नए Camp leder का चयन किया गया। जो की अम्बेडकर समूह की स्वयं सेविका Devika Thakur थी। 10:00 बजे सभी स्वयं सेवक अपने कमरों में सोने चले गए। और महाविद्यालय की सभी light off कर दी।

मिलकर पेड़ पौधे हम लगायेंगे
अपने महाविद्यालय को सुशोभित हम बनायेंगे।

# छठा दिन ***

आज दिनांक 16-03-2025 को राजकीय महाविद्यालय कफोटा में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का छठा दिन था। इस शिविर में कुल 55 स्वयं सेवक थे जिन्हें 5 समूहों में बांटा गया था प्रत्येक समूह में 11-11 स्वयं सेवक थे इसमें पहले समूह का नाम **विवेकानन्द समूह**, दूसरा समूह **अम्बेडकर समूह**, तीसरा समूह **लक्ष्मी समूह**, चौथा समूह **नेहरू व पांचवा समूह पटेल था**. इसमें विवेकानंद समूह की ग्रुप लीडर **मनजीत**, अम्बेडकर समूह सलोनी, नेहरू समूह से अंजली शर्मा तथा पटेल से मोनिका ने नेतृत्व किया। दिन की शुरुआत प्रभात फेरी से शुरु हुई। प्रभात फेरी के बाद सूर्य नमस्कार
6:30 प्राणायाम की गई, उसके बाद सभी स्वयं सेवकों को पर हॉल मे बुलाया गया तथा दिन के प्रथम सत्र की
8:15 शुरुआत नेहरू समूह द्वारा प्रार्थना से की गई, लक्ष्मी सदन द्वारा विचार दिया गया तथा पटेल समूह द्वारा विचार प्रस्तुत किया गया विवेकानन्द समूह द्वारा सुबह का भोजन तैयार किया गया। भोजन में चने, रोटी, चाय दि गई तथा भोजन मंत्र करके भोजन ग्रहण किया। इसके पश्चात 9:30 पर सभी स्वयं सेवको को कॉलेज के परिसर में बुलाया गया तथा
NSS कार्यकारी अधिकारी द्वारा सभी समूह के स्वयं सेवकों को कार्य सौंपा गया, अम्बेडकर समूह को कॉलेज के बाहर बनी नाली को साफ करने का आदेश दिया गया तथा अन्य समूह द्वारा कॉलेज के बाहर कियारिया बनाने को कहा इसके बाद ठीक 1 बजे सभी स्वयं सेवको को दोपहर का भोजन दिया गया जिसमे आलु गोभी की सब्जि तथा कढ़ी चावल बनाया गया इसके बाद **2:00 बजे** सभी स्वयं सेवको को हॉल मे बुलाया तथा दिन का दूसरा सत्र शुरु हुआ, इस दौरान आशीष धिमान द्वारा मंच का संचालन किया गया तथा आज के दिन हमारे बिच DSP **प्रवीण पुंडिर** (रिसोर्स पर्सन) तथा **कमलेश पुण्डीर** मुख्य अतिथि के रूप में पधारे स्वयं सेवको द्वारा बैच लगाकर उनका स्वागत किया था। उसके बाद उनके द्वारा दिप प्रज्वलन किया तथा रिसोर्स पर्सन व मुख्य अतिथि द्वारा हमे मोबाइल का उपयोग अपनी पढाई के लिए तथा नशे से दूर रहने की बात की गई साथ मे उन्होंने बताया की हमे अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मेहनत करनी होगी.

उसके बाद प्रोग्राम अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। उसके बाद निकिता ने अपनी प्रस्तुती दी, नेहरु समुह द्वारा स्वयं सेवकों द्वारा एक हास्य प्रस्तुत कि गई इसके बाद सभी समुह के स्वयंसेवकों को लकड़ियों के लिए भेजा गया तथा उसके पश्चात सभी स्वयं सेवकों को खेलने के लिए समय दिया गया। 6:15 पर दिन का तीसरा सत्र शुरु हुआ इसमें सबसे पहले प्रार्थना की गई तथा लक्ष्मीबाई समुह द्वारा विचार प्रस्तुत की गई और उस विचार मे सभी समुह द्वारा अपने-२ विचार प्रस्तुत किया गया। 7:45 पर सभी को **रात्री भोजन** के लिए बुलाया गया। भोजन करने के बाद 8:25 पर (रात्री का सत्र) **दिन का चौथा सत्र** शुरु हुआ इस सत्र मे व्यापार मण्डल कफोटा के पूर्व अध्यक्ष **'नरेश जी'** को हमारे मुख्य अतिथि के रूप मे बुलाया गया उसके बाद पटेल समुह के स्वयंसेवकों द्वारा अपना कौशल प्रस्तुत किया तथा अम्बेडकर समुह द्वारा मुजरा नृत्य व अंतिम मे नेहरु समुह द्वारा लोक नृत्य पेश किया गया उसके पश्चात प्रोग्राम अधिकारी द्वारा अगले दिन का **कैम्प लीडर** NSS सुनिल कश्यप को बनाया गया इसके साथ ही दिन का चौथा सत्र समाप्त हुआ और सभी स्वयंसेवक कैम्प लिडर के आदेशानुसार अपने-२ कक्ष मे सोने के लिए चले गए।

सामने हो मंजील तो रास्ता मत तोड़ना
जो भी मन मे हो वह सपना मत तोड़ना
कदम-२ पर मिलेगी मुश्किले आपको
बस सितारे छूने के लिए जमीन
मत छोड़ना।

## सांतवा दिन ***

आज दिनांक 17|3|25 को राजकीय महाविद्यालय मे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का सांतवा दिन था इस शिविर मे 55 सदस्य थे जिन्हे 11-11 स्वयं सेवको को पाँच समुहो मे बांटा गया था जिसमे विवेकानन्द समूह अम्बेडकर समूह, नेहरू समूह, लक्ष्मी बाई समूह, पटेल समूह थे दिन की शुरुआत सुबह 6:30 बजे प्रभात फेरी से होती है। प्रभात फेरी के बाद सूर्य नमस्कार तथा प्राणायाम करवाये जाते है। 7:45 पर बच्चो को free time दिया जाता है। 8:00 बजे से 8:15 मे सभी स्वयं सेवको को Hall मे बुलाया जाता है। तथा पहले दिन की सत्र की शुरुआत प्रार्थना से की जाती है। इसके बाद स्वंय सेवक द्वारा सुविचार प्रस्तुत किया जाता है इस सत्र के बाद सभी स्वंय सेवको को N.S.S के द्वारा गोद लिये गये गाँव मे **(कफोटा - बोकाला)** सफाई करने के लिए ले गए। स्वंय सेवको द्वारा कफोटा मे कूड़ा कर्कट उठाया गया तथा उसके बाद स्वंय सेवको द्वारा नुक्कड़ नाटक के छोटे-2 दृश्य प्रस्तुत किये गए। जिसमे पहला दृश्य **दहेज प्रथा**, दूसरा दृश्य **साइबर अपराध**, तीसरा दृश्य, **अंध-विश्वास**, इन सभी दृश्य के द्वारा गाँव के लोगो को जागरूक करवाया गया। उसके बाद स्वंय सेवक वापिस महाविद्यालय मे आ गए। तत्पश्चात सभी स्वंय सेवक द्वारा महाविद्यालय के परिसर की सफाई की गई। सफाई करने के बाद 1:30 पर सभी स्वंय सेवको को भोजन दिया गया। तत्पश्चात 2:30 पर शिविर का दोपहर का सत्र शुरू किया गया शिविर के अंतिम दिवस के मुख्य अतिथि श्री **सुरेश कपूर** तथा अन्य अतिथि **श्री दाता राम शर्मा, नरेश जी,** थे। मुख्य अतिथि का सभी स्वंय सेवको द्वारा NSS की तालियो से स्वागत किया गया। तत्पश्चात दो स्वंय सेवको द्वारा मुख्य अतिथि तथा अन्य अतिथि गण को कैप पहनाये गए इसके बाद मुख्य अतिथि को **दीप-प्रज्वलन** के लिए बुलाया गया। दीप प्रज्वलन के बाद शिविर के अंतिम दिन का सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू किया गया। जिसमे सबसे पहले प्रस्तुती **हरियाणवी** दूसरी प्रस्तुती **पहाड़ी नाटी** तीसरी प्रस्तुत **गुजरा** थी उसके बाद NSS मे बनाये गये सभी समूह को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। उसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा

स्वयं सेवको को नशे के बारे मे बताया गया। उसके बाद कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुती Folk dance प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद Camp के Best Camper leader (Boy) सुनील कश्यप Best Camp leader (girl) Devika Best Camp leader रितिक रोशन Best Group leader (boy) Tanuj Pundir, Best group leader (girl) Kalpna Sharma, Best Volunteer Boy Abhishek Sharma Best Volunteer girl (Arushi thakur) बनाये गये थे। इस शिविर मे Best culture activity प्राइज पटेल समुह को दिया गया। सभी कार्यक्रम समाप्त होने के बाद स्वयं सेवको को नाचने के लिए समय दिया गया उसके बाद सभी स्वयं सेवको को अपने-अपने घर भेज दिया गया। और इस प्रकार राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के सात दिवसीय शिविर का बहुत अच्छे से समापन हुआ।

अच्छे पल जल्द ही गुजर जाते है,
बस पीछे रह जाती है उन अच्छे
पलो कि अच्छी यादें।

## अभिषेक-आरुषि को बेस्ट वालंटियर का खिताब

### एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का समापन, 55 स्वयंसेवकों ने लिया हिस्सा

निजी संवाददाता- कफोटा



राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि प्रवेश कपूर जो एक प्रतिष्ठित कांट्रैक्टर एवं समाजसेवी हैं ने स्वयंसेवकों के सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। सात दिवसीय शिविर में 55 स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वच्छता अभियान, जागरूकता रैली, वृक्षारोपण, शिक्षण गतिविधियां, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता कार्यक्रम सहित विभिन्न समाज सेवा कार्यों में योगदान दिया। इस पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम अधिकारी प्रो. दिनेश कुमार शर्मा एवं प्रो. रवीना के नेतृत्व में हुआ। मुख्यातिथि ने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। एनएसएस जैसी गतिविधियां न केवल समाज सेवा की भावना को जागृत करती हैं, बल्कि नेतृत्व कौशल, अनुशासन और आत्मनिर्भरता भी विकसित करती है। समापन समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की गई। साथ ही अभिषेक छात्र वर्ग एवं आरुषि छात्रा वर्ग को बेस्ट वालंटियर, तनुज पुंडीर एवं कल्पना शर्मा को बेस्ट ग्रुप लीडर, ऋतिक रोशन एवं देविका को बेस्ट कैंप लीडर तथा सुनील कश्यप को बेस्ट कैंपर के रूप में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रो. दिनेश कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

NSS Programme officer
GDC Kaffota

Principal

Principal
Govt. Degree College
Kaffota, Distt. Sirmour (H.P.)